दिनांक 22-03-2018 को अग्रवाल महाविद्यालय, बल्लबगढ़ में संभाग तृतीय के सभागार में प्रबंधन विभाग द्वारा एक सेमिनार का आयोजन किया गया। जिसका विषय था-“लेटेस्ट ट्रेंड्स एंड करियर इन एमिनेशन्स एंड ग्राफ़िक्स” । महाविद्यालय प्राचार्य डॉo कृष्णकांत गुप्ता के मार्गदर्शन में इस सेमिनार का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता के रूप में श्री लक्ष्मण तेवतिया (हेड, मैक एनिमेशन, फरीदाबाद ब्रांच) उपस्थित थे । प्रबंधन विभाग की अध्यक्षा डॉo शिल्पा गोयल ने सभागार में उपस्थित सभी अतिथियों और विद्यार्थियों का स्वागत किया। उन्होंने विद्यार्थियों को एनीमेशन के क्षेत्र में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मनोरंजन उद्योग में एनिमेशन्स किस तरह उपयोग किये जाते हैं। इसके साथ ही उन्होंने बताया कि बाजार में वाहनों का प्रक्षेपण होने से पहले उनके रेखाचित्र और नमूनों को कैसे बनाया जाता है, मोबाईल और पोस्टर का रूपांकन कैसे किया जाता है इत्यादि। अंत में उन्होंने विद्यार्थियों की प्रतिक्रिया ली। विद्यार्थियों ने इस सेमिनार को बड़े उत्साह एवं रूचि के साथ सुना। सेमिनार में प्रबंधन विभाग के सभी सदस्य एवं विद्यार्थी उपस्थित थे ।